# मतदान मित्र के रूप में सहयोग











नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Dhamtari - 24 Nov 2023 - 24dmt4
epaper.navabharat.news

## स्वयंसेवकों ने मतदान मित्र के रूप में दी चुनाव में सेवा



धमतरी। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के द्वितीय चरण में धमतरी जिले में मतदान हुआ। उक्त चुनाव में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतुराज रघुवंशी के निर्देशन एवं जिला शिक्षा अधिकारी धमतरी के आदेशानुसार मतदान मित्र के रूप में एनएसएस, एनसीसी, रेडक्रॉस, स्काउट एवं गाइड के छात्र-छात्राओं की ड्यूटी लगाई गई। जिसमें जिले के विभिन्न स्कूलों और महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने अपनी सेवाएं प्रदान की। इसी प्रकार बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी के रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो निरंजन कुमार एवं प्रो आकांक्षा मरकाम के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने भी मतदान मित्र के रूप में ड्यूटी दी। मतदान मित्रों ने प्रातः 7 बजे से सायं 5 बजे तक मतदान केंद्र में उपस्थित होकर समस्त मतदाताओं विशेषकर दिव्यांग और वृद्ध मतदाताओं को पोलिंग बूथ तक लाने और सुगम मतदान कराने में सहयोग प्रदान किया। महाविद्यालय से स्वयंसेवक संकेत कुमार साहू एवं उदयराम सिन्हा द्वारा ग्राम पंचायत अर्जुनी के बूथ क्रमांक 96 में सेवा प्रदान किया गया, इसी प्रकार बूथ क्रमांक 47 व 48 परेवाडीह में अनिता मेश्राम एवं योगेंद्र साहू बूथ क्रमांक 50 देमार में खोमेश्वरी साहू, बूथ क्रमांक 109 रत्नाबांधा में सिद्धार्थ, बूथ क्रमांक 113 सोरीदभाट में कुलदीप सिंह एवं अंकिता यादव, बूथ क्रमांक 198 हरफतराई में कुशल डिंडोलकर आदि स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए मतदान मित्र के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान की।







एन.एस.एस के दोनों इकाईयों के चयनित स्वयंसेवकों के द्वारा मतदान केंद्र में मतदान मित्र की भूमिका का कार्य किया गया जिसके तहत शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्तियों को मतदान केंद्र में आवश्यक कार्य हेतु सहयोग प्रदान किया।

Scanned with OKEN Scanner